साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2016/76299

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें ...
संपर्क करे- 9425156055

वर्ष-09 अंक-102 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## Legal General Knowledge

## हड़ताल, हिंसा या पथराव में संपत्ति के नुकसान की वसूली कैसे करें

हड़ताल, बाजार बंद, दंगे, लोक अशांति, पथराव, आगजनी या किसी भी प्रकार की सामूहिक हिंसा की गतिविधि के दौरान यदि किसी संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तो उसकी क्षतिपूर्ति के लिए



मध्यप्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति को नुकसान का निवारण एवं नुकसानी की वसूली विधेयक, 2021 पारित किया गया है। इस कानून के तहत पीड़ित व्यक्ति जिसकी संपत्ति का नुकसान हुआ है वह वसूली के लिए दावा कर सकता है।

MP Prevention and Recovery of Damage to Public and Private Property Act 2021

एक दुकानदार अथवा वाहन का मालिक या फिर संपत्ति का स्वामी जिसका हड़ताल, बंद, दंगो, लोक अशांति, पत्थर फेंकने, आगजनी या किसी भी प्रकार की हिंसा के कारण नुकसान हो गया है वह मध्यप्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति को नुकसान का निवारण एवं नुकसानी की वसूली अधिनियम, 2021 के अध्याय 2 के नियम क्रमांक 3 (1) के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट (कलेक्टर) के पास नुकसानी के प्रतिकर प्राप्त करने के लिए दावा याचिका प्रस्तुत कर सकता है। मध्य प्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति के नुकसान का निवारण एवं वसूली अधिनियम 2021 का आधार इन. री- डिस्ट्रक्शन ऑफ पब्लिक एण्ड प्राइवेट प्रॉपर्टीज बनाम आंध्रप्रदेश राज्य व अन्य- उक्त मामले में उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न घटनाओं का संज्ञान लेते हुए यह अभिनिर्धारित किया कि जहां आंदोलन, बंद, हड़ताल दंगो (साम्प्रदायिक या अन्य कोई भी), लोक अशांति, पत्थर फेंकने, आगजनी या हिंसा के समस्त कार्यों का प्रभावी रूप से सामना करने एवं सार्वजनिक (लोक) एवं निजी संपत्ति को होने वाले नुकसान एवं क्षति को रोकने तथा कम करने हेतु विधि को अधिनियमित करना प्रस्तावित करती है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि विधेयक सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को हुए नुकसान को निर्धारित करने एवं अपराधी से इन नुकसानों को वसूल करने का प्रयास करता है एवं उच्चतम न्यायालय ने लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम,1984 के नियमो को अपर्याप्त एवं अप्रभावी पाया है इसलिए इसे कठोर एवं भयोपरत बनाने के लिए राज्य सरकारों को भी विधि को संशोधित करने हेतु निर्देशित किया। अर्थात मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा बनाया गया विधेयक सुप्रीम कोर्ट के उपर्युक्त महत्वपूर्ण कानून के अंतर्गत संवैधानिक कानून हैं।

### राज्यपाल से लोकभवन में मिले सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स

# अपनी सांस्कृतिक अनुभूतियों और प्रशिक्षण के निर्देशों का देश हित में करें उपयोग : राज्यपाल

**भोपाल।**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण आपको केवल अधिकारी नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील और सजग राष्ट्र-प्रहरी के रूप में तैयार करने का प्रयास है। प्रशिक्षण, व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतिभागियों को एक-दूसरे के राज्य की संस्कृति, विशेषताओं और विविधताओं को समझने का अवसर देता है। विविधता में एकता की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अपने राज्य की विशिष्टताओं की अनुभूतियों और प्रशिक्षण के निर्देशों का देश हित में उपयोग कर, ÷एक भारत-श्रेष्ठ भारत÷ के निर्माण में योगदान दे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरूवार को सशस्त्र सीमा बल अकादमी भोपाल के प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राष्ट्र के प्रतिष्ठित बल में चयन की बधाई और शुभकामनाएं दी। लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित सौजन्य भेंट कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आप सभी उन सौभाग्यशाली लोगों में शामिल हैं, जिन्हें सशस्त्र सीमा बल का हिस्सा बनकर माँ भारती की सेवा का महान अवसर मिला है। आपकी वर्दी केवल पहचान नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक है। इसी वर्दी के साये में देशवासी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। आप जब अपने परिवार से दूर सीमाओं पर



तैनात होकर देश की रक्षा करते हैं, तभी हर देशवासी चैन और शांति की नींद सो पाता है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का पालन करने वाले अधिकारी ही समाज में विश्वास और सम्मान अर्जित करते हैं। आप सभी निष्ठा, समर्पण और साहस के साथ राष्ट्र की सेवा करें। सशस्त्र सीमा बल की गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में देश के समक्ष आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, नक्सलवाद, तस्करी, साइबर अपराध और असामाजिक गतिविधियाँ जैसी अनेक महत्वपूर्ण चुनौतियां है। राष्ट्र प्रहरी के रूप में आपके निर्णय और कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी प्रतिभा से सीमा सुरक्षा प्रबंधन में आधुनिक तकनीक, व्यावसायिक ज्ञान, शारीरिक और मानसिक सक्रियता के नए मानक स्थापित करें। यह सुनिश्चित होना चाहिए कि असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी तत्वों पर कठोरता से नियंत्रण करें। जनसेवा में निष्पक्षता, पारदर्शिता और मानवीय संवेदनशीलता को प्राथमिकता दें। किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं हो, जनता सुरक्षित महसूस करें। राज्यपाल पटेल ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों का निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त करें। उनके अनुभवों से सीखें और अपने ज्ञान को सहकर्मियों के साथ साझा भी करें। राज्यपाल मंगुभाई पटेल का एस.एस.बी. अकादमी भोपाल के निदेशक बी.एस. जायसवाल ने पौधा भेंट कर स्वागत और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। जायसवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षु अधिकारी सु अनुष्का मनियारा और अनुराग भार्गव ने प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया। आभार कमांडेंट प्रशिक्षण मती सुवर्णा सजवाल ने व्यक्त किया। कोर्स डायरेक्टर डिप्टी कमांडेंट प्रशिक्षण रोहित शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सौजन्य भेंट कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, लोकभवन और एस.एस.बी. के अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित थे।

## महिलाओं के अधिकार के लिए महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट का जानिए

सुप्रीम कोर्ट के इस अहम फैसले में कहा गया है कि विधवा बहू (Widowed Daughter-in-law) को अपने ससुर की संपत्ति से मरण-पोषण (Maintenance) पाने का अधिकार हो सकता है। कोर्ट ने अपने निर्णय में मनुस्मृति के सिद्धांतों का भी उल्लेख किया और यह फैसला विधवा महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करता है ।

### जजमेंट की मुख्य बातें:

1. विधवा बहू को ससुर की संपत्ति से भरण-पोषण मिल सकता है।
2. फैसला हिंदू दत्तक ग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 19 के तहत दिया गया।
3. कोर्ट ने मनुस्मृति के सिद्धांतों का संदर्भ



लिया।

4. यह निर्णय विधवा महिलाओं के अधिकारों को मजबूत बनाता है


**- एडवोकेट बीआर अहिरवार**
**नर्मदापुरम 9827737665**

## स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।**

शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज एवं विभागाध्यक्ष श्री शिवाकांत मौर्य के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विधि विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षता, विशेषकर मूटिंग एवं एडवोकेसी से संबंधित कौशल का विकास करना था।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री विजय पाठक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय सिंह तथा अधिवक्ता श्री आनंद सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने मूट कोर्ट अभ्यास,



प्रभावी बहस की तकनीक, वकालतनामा, पेशेवर आचरण एवं न्यायालयीन व्यवहारिकताओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री नबीला कुरैशी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा मूट कोर्ट रूम में प्रसिद्ध नानावती प्रकरण का विधिवत विचारण प्रस्तुत किया गया, जिसमें अभियोजन एवं प्रतिरक्षा पक्ष की भूमिका निभाते हुए तर्कपूर्ण बहस की गई। यह प्रस्तुति विद्यार्थियों के लिए अत्यंत शिक्षाप्रद एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने वाली रही। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रणाम पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा श्री राजदीप सिंह भदौरिया द्वारा प्रस्तुत की गई। अंत में डॉ. महेंद्र कुमार पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# मध्य प्रदेश के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने एमडी पाउडर की रिकॉर्ड ज़ब्ती व एक अवैध प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की मध्य प्रदेश इकाई के अधिकारियों ने एक बड़ा प्रवर्तन अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप 31.250 किलोग्राम मनोरोगी पदार्थ एमडी पाउडर की भारी खेप जब्त की गई और एक गुप्त दवा निर्माण प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया गया । विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर , केंद्रीय बाल कल्याण आयोग (सीबीएन) के अधिकारियों की एक टीम ने आमला अगर गांव स्थित तीर्थ नर्सरी और फार्म्स पर एक छापा मारा । इस अभियान के दौरान, मुख्य सड़क से लगभग 3.5 किलोमीटर दूर एक सुनसान इलाके में स्थित दो मंजिला फार्महाउस से तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया , जो स्पष्ट रूप से अवैध गतिविधियों को छिपाने के प्रयास कर रहे थे। परिसर की गहन तलाशी के दौरान घर के अंदर एक थैले से 31.250 किलोग्राम एमडी पाउडर बरामद किया गया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार व्यक्तियों ने खुलासा किया कि बरामद पदार्थ का निर्माण उन्होंने गुप्त रूप से किया था । उन्होंने यह भी बताया कि नर्सरी परिसर के एक कमरे में एक पूरी तरह से कार्यरत अवैध प्रयोगशाला बनाई गई थी। इस जानकारी के आधार पर, अधिकारियों ने एमडी पाउडर के निर्माण में प्रयुक्त विभिन्न बर्तन, हैलोजन बल्ब और मशीनरी बरामद की। परिसर के प्रवेश द्वार के पास खड़ी महिंद्रा बोलेरो पिकअप की तलाशी लेने पर एमडी पाउडर के निर्माण में प्रयुक्त लगभग 600 किलोग्राम विभिन्न रसायन बरामद हुए। जब्त की गई सभी वस्तुओं को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत हिरासत में ले लिया गया है । नशीले पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।पूछताछ के दौरान पता चला कि गिरफ्तार किए गए दो व्यक्ति स्वयं एमडी पाउडर के बड़े पैमाने पर उत्पादन में शामिल थे । उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनके पास लगभग 250-300 किलोग्राम एमडी पाउडर बनाने के लिए पर्याप्त रसायन उपलब्ध थे ।तीनों आरोपियों को एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और मादक पदार्थों के निर्माण और तस्करी के पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए आगे की जांच जारी है । केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध मादक पदार्थों के निर्माण से निपटने के लिए देश भर में मादक पदार्थों के नेटवर्क को लगातार निशाना बनाकर और नष्ट करके भारत को नशामुक्त बनाने के अपने मिशन में संकल्पित है।

# स्वामी विवेकानंदजयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया




**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम ।**

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती, जो राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है, के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा यूथ रेड क्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह के समापन दिवस पर शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम में सामाजिक, स्वास्थ्य एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियाँ संपन्न हुईं। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज एवं विभागाध्यक्ष श्री शिवाकांत मौर्य के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन अवसर पर रक्तदान जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार पटेल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्तदान एक महादान है, जिससे अनेक जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने एवं स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका था जिसमें प्रथम स्थान राहुल कीर तथा द्वितीय स्थान नेहा लोट तथा तृतीय स्थान पर सत्यम तिवारी रहे, तथा इको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका के बारे में व्याख्यान का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम में सहभागिता कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त 'रन फॉर स्वदेशी' में भाग लेकर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में राजदीप सिंह भदौरिया, डा ओम् शर्मा सुश्री अरुणिका जैन तथा डा हरिप्रकाश मिश्रा का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सेवा, मानवता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास करना रहा। कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम किया गया



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम ।**



12 जनवरी 20 26 प्रधानमंत्री महाविद्यालय ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा धूमधाम से बनाया गया कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर इरा वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई की छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सामूहिक योग किया गया युवा दिवस कार्यक्रम सांसद श्रीमती माया नारोलिया के आशीर्वाद में योग के विभिन्न आसनों का प्रयोग किया गया छात्राओं ने स्वदेशी दौड़ प्रतियोगिता में भी भाग लिया युवा दिवस पर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया स्वदेशी से स्वावलंबन की राह द्वारा स्वावलंबी युवा निर्माण स्वावलंबी भारत निर्माण की प्रेरणा ली युवा दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेते हुए स्वावलंबी जागृत और क्रियाशील युवा सशक्त स्वावलंबी भारत निर्माण करने का प्रण लिया

# अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश की प्रांतीय बैठक संपन्न

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

भोपाल ञ्ठ अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर रविदास मंदिर, जिंसी चौराहा में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता एवं आगामी प्रांतीय अधिवेशन को भव्य रूप देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से आमन सिंह नरवरिया (संस्थापक, अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश), एस. माणरे (कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष), संगीता गोलियां (महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष), संजेश गोलियां (आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष), विवेक भास्कर (युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष), पातीराम अहिरवार (प्रदेश महासचिव), गोपी लाल अहिरवार (संगठन मंत्री), रविंद्र भास्कर एवं रवि सूर्यवंशी (प्रदेश उपाध्यक्ष), नारायण लाल सत्कार (प्रदेश उपाध्यक्ष) सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी



उपस्थित रहे।

इसके साथ ही भंवरलाल अहिरवार (संभागीय अध्यक्ष, ग्वालियर), तुलसीराम अहिरवार (संभागीय अध्यक्ष, भोपाल), एस.एस. बमोरिया (संभागीय उपाध्यक्ष, भोपाल), धन सिंह अहिरवार (जिला अध्यक्ष, नर्मदापुरम), हरनाम सिंह (जिला अध्यक्ष, अशोकनगर), हेमंत चौधरी (जिला अध्यक्ष, रायसेन), सीताराम अहिरवार (जिला अध्यक्ष, शाजापुर), पांचूलाल अहिरवार (कार्यकारी जिला अध्यक्ष, गुना), राजकुमार सूर्यवंशी (युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, भोपाल), सीताराम अहिरवार (मंदिर समिति अध्यक्ष, जिंसी), गोवर्धन लाल (जिला सचिव, शाजापुर) सहित लाल सिंह अहिरवार, रघुवीर सिंह एवं समाज संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में प्रांतीय अधिवेशन को लेकर जिम्मेदारियां तय की गईं तथा समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और संगठनात्मक विकास पर जोर दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने एकजुट होकर समाज को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग किया गया



**बुधनी/शाहगंज।**

शासकीय हाई स्कूल खटपुरा में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया एवं इस अवसर पर स्कूल के छात्रों सहित शिक्षक ने योग किया और सामूहिक सूर्य नमस्कार किया शाला प्राचार्य श्री कप्तान सिंह चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि हमे प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए एवं योग और सूर्य नमस्कार करने से हम हमेशा स्वास्थ्य रहते हैं शाला के वरिष्ठ शिक्षक श्री घनश्याम प्रजापति जी ने शिक्षक एवं स्कूल के छात्रों को योगा, व्यायाम और सूर्य नमस्कार करवाया एवं इसके लाभ भी बताए इस कार्यक्रम में शाला प्राचार्य श्री कप्तान सिंह चौहान, शिक्षक श्री घनश्याम प्रजापति जी, श्री महेश पालीवाल, श्री दीनदयाल गौर, श्री योगेश हनवंत, श्री रामभरोस वर्मा, श्री चरण सिंह बनाफर, श्री दीपक चौहान, श्री अरविन्द कुमार अहिरवार, श्री बालकराम अहिरवार, श्री मति कीर्ति अहिरवार, श्रीमती ज्योति अहिरवार, कु रमा गौर, एवं छात्रों में प्रतिभा, पायल, सोनिका, मोनिका, योगेश, मोहित मांगरोल, मोहित अहिरवार , रिंकेश, सोहिल खान, आशा, रौनक, महक, पूर्णिमा, नसरीन, नरगिस,देव, कृष्णा, सुनील, निमिषा, क्रान्ति, रीतेश, प्रदीप, हर्ष, दुर्गेश, कांता प्रसाद, जितेंद्र, दक्ष, शुभांगी, अंजली, कनक, महेंद्र, रोहन, लोकेश, लक्ष्मण, नारायण, पलक, अमित आदि छात्र-छात्राएं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग किया।

# स्कूलों के सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में हों पूरे स्कूल शिक्षा मंत्री ने दिये निर्देश

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी वर्किंग एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई एजेंसी तय टाइमलाइन में कार्य पूर्ण नहीं करती है, तो उसके विरुद्ध निर्माण अनुबंध की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।। बैठक में मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, आईडीए, बीडीए, यूडीए और भवन विकास निगम सहित विभिन्न वर्किंग एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।मासिक आधार पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए तथा स्टेप-बाय-स्टेप और मंथ-बाय-मंथ लक्ष्य तय कर निर्माण कार्य पूरे किए जाएं। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक एजेंसी अपनी कार्ययोजना स्पष्ट रूप से विभाग को उपलब्ध कराए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए स्कूल शिक्षा विभाग में एक तकनीकी विंग गठित करने के निर्देश दिए। यह तकनीकी विंग विभागीय जांच दल के रूप में कार्य करेगा और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं मानकों की नियमित जांच करेगा। उन्होंने कहा कि चेक एंड बैलेंस का मजबूत सिस्टम विकसित किया जाना आवश्यक है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। सभी वर्किंग एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से विभाग को प्रस्तुत करें, ताकि निर्माण कार्यों की निष्पक्ष और तकनीकी जांच सुनिश्चित हो सके।बैठक में सांदीपनि विद्यालयों से संबंधित प्रयोगशालाओं, अतिरिक्त कक्षों, खेल मैदानों एवं अन्य शैक्षणिक अधोसंरचना से जुड़े निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

# उदयपुरा में सात दिवसीय नर्मदा पुराण कथा का भव्य आयोजन

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**



**उदयपुरा/रायसेन** ।समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं के लिए हर्ष का विषय है कि नगर के शिक्षक कॉलोनी वार्ड क्रमांक 1 स्थित दीक्षित कृषि फार्म में दिनांक 23 जनवरी से 29 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सात दिवसीय नर्मदा पुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह पावन कथा 1008 श्री नित्यानंद जी महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्रवण कराई जाएगी। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि कथा के माध्यम से नर्मदा महिमा, धर्म, संस्कार एवं जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# शहीद प्रकाशचंद्र जी की प्रतिमा को आसामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त , नगरवासियों मे आक्रोश तहसीलदार को सौंप ज्ञापन



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

**देवरी** । विगत दिनों नगर देवरी मे स्थित शहीद प्रकाश गुप्ता स्टेडियम मे स्थापित शहीद प्रकाशचंद्र जी गुप्ता की प्रतिमा को अज्ञात आसामाजिक तत्वों द्वारा गुटखा थूक कर क्षतिग्रस्त किया गया , जिससे समस्त नगरवासियों मे आक्रोश व्याप्त है । दोषियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी की जाए एवं राष्ट्रीय सम्मान का अपमान की धाराओं के तहत कठोरतम कार्यवाही की जाए एवं शासन प्रशासन द्वारा शहीद की सुरक्षा की व्यवस्था की मांग को लेकर समस्त नगरवासियों ने तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा ।

# वंशिका माइनिंग लिमिटेड लायबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण हुआ श्री शाकिब अहमद जी के नेतृत्व में

## सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल: छात्रावास में गर्म कपड़ों का वितरण





**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

गोहरगंज/रायसेन सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए वंशिका माइनिंग लिमिटेड लायबिलिटी प्राइवेट द्वारा श्री शाकिब अहमद के नेतृत्व में अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रावास में विद्यार्थियों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस सराहनीय पहल से कड़ाके की ठंड में छात्रों को बड़ी राहत मिली और उनके चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी गोहरगंज श्री चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार श्री हेमंत शर्मा एवं नायब तहसीलदार श्री रंजन चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर श्री शाकिब अहमद ने कहा कि वंशिका माइनिंग का उद्देश्य केवल औद्योगिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए कंपनी आगे भी निरंतर ऐसे कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ और उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा छात्रावास के विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

## जिले की सबसे बड़ी कलश यात्रा



पत्रकार बीआर अहिरवार जिला ब्यूरो बुधनी/नादनेर।। दिनांक 17 जनवरी दिन शनिवार को ग्राम नादनेर में निकलेगी जिले की सबसे बड़ी कलश यात्रा रोटी वाले बाबाजी के सानिध्य में सभी माताएं बहने कलश लेकर शामिल हो यात्रा की शोभा बढ़ाए ।

# संभागायुक्त के साथ आईजी, डीआईजी,रुद्राक्ष महोत्सव के संबंध में ली बैठक

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



कुबेरेश्वर धाम में आगामी 14 फरवरीसे 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव के दृष्टिगत भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह, आईजी अभय सिंह, डीआईजी राजेश चंदेल, कलेक्टर बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, संबंधित अधिकारियों एवं समिति के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक कर महोत्सव के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रशासन तथा समिति द्वारा इस आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, सुविधाओं, सेवाओं तथा कार्य योजना को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि रूद्राक्ष महोत्सव के दौरान देश-प्रदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में प्रशासन और आयोजन समिति दोनों की जिम्मेदारी है कि सभी व्यवस्थाएं समय पर, योजनाबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सीधे श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्रभावित करेगी, इसलिए सभी अधिकारी और आयोजन समिति अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। बैठक में प्रशासन द्वारा आयोजन समिति को पर्याप्त पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने, संकेतक लगाने, भोजन व्यवस्था और इस आयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर तैनात करने के लिए कहा गया। बैठक में इस आयोजन के दौरान बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए समिति के सभी पदाधिकारियों, वॉलंटियर्स और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। यातायात एवं पार्किंग प्लान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों एवं हाईवे पर यातायात सुचारू रखने के लिए प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू किया जाए। पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन कर अलग-अलग जोन निर्धारित किए जाएं तथा आयोजन समिति एवं प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि श्रद्धालुओं को पार्किंग से कथा स्थल तक सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिले। ऑटो एवं अन्य वाहनों के लिए निर्धारित स्टैंड, उचित ढलान तथा मार्ग व्यवस्था समय रहते पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम स्थल को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आयोजन समिति एवं प्रशासन को पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैयार रखने, उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा भीड़ प्रबंधन संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। फायर सेफ्टी को लेकर फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण एवं आपातकालीन निकास व्यवस्था पूर्ण रूप से उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत आवश्यकताओं के संबंध अधिकारियों ने आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, प्याऊ, टोंटीयुक्त नल कनेक्शन एवं जल टैंकरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता के लिए अस्थाई एवं चलित शौचालयों की पर्याप्त संख्या स्थापित कर सफाई कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाने तथा कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित रखते हुए सभी कनेक्शनों की जांच, नो-मैन जोन का पालन एवं विद्युत विभाग की 24 घंटे सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तकनीकी व्यवस्थाओं के अंतर्गत नेटवर्क कनेक्टिविटी, अनाउंसमेंट सिस्टम एवं एलईडी स्क्रीन व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को कथा का स्पष्ट प्रसारण एवं आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर प्राप्त हो सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कथा के दौरान 15 जनवरी से 15 मार्च 2026 तक रूद्राक्ष वितरण पूरी तरह से बंद रहेगा तथा आयोजन समिति द्वारा इस संबंध में प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए जाएं तथा मीडिया के माध्यम से श्रद्धालुओं इस सूचना को पहुंचाया जाए। चिकित्सा व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस, प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता तथा प्राथमिक उपचार केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। गंभीर स्थिति में त्वरित उपचार के लिए मिनी आईसीयू स्थापित करने एवं रेफरल व्यवस्था को पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए गए। उपस्थित सभी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कथा स्थल, पंडाल क्षेत्र, प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग स्थल, भोजनशाला, कंट्रोल रूम सहित समस्त व्यवस्थाओं के लिए चयनित स्थलों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के नाम पर साइबर ठगी से रहे सावधान बोर्ड ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल।**

मध्य प्रदेश में राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षार्थियों के अभिभावकों से साइबर ठगों द्वारा ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। ठगों द्वारा स्वयं को बोर्ड से संबंधित बताकर परीक्षार्थियों को पास कराने के नाम पर धनराशि मांगी जा रही है। धोखाधड़ी की जा रही है। इधर, मामला सामने आने के बाद राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए 0755-2671066 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि जिन नामों से फोन कॉल किए जा रहे हैं, उस नाम का कोई भी व्यक्ति राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड में कार्यरत नहीं है। इस प्रकार से किसी को पास कराना पूर्णतः असंभव है। परीक्षार्थियों का परिणाम केवल उत्तर पुस्तिकाओं में लिखे गए उत्तरों के मूल्यांकन के आधार पर ही घोषित किया जाता है। राज्य ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा ऐसे साइबर ठगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील है कि वे इस प्रकार के किसी भी प्रलोभन में न आएं और स्वयं तथा अपने बच्चों को साइबर ठगी से सुरक्षित रखें। किसी भी प्रकार की जानकारी, शिकायत अथवा सत्यापन के लिए बोर्ड द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है।

# ब्यौहारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बाइक से गांजा तस्करी करते दो गिरफ्तार, 10 किलो मादक पदार्थ जब्त

**संभागीय संवाददाता -राजू राय**

ब्यौहारी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीधी जिले ले जाई जा रही गांजे की खेप पकड़ी। बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 10 किलो गांजा और बाइक जब्त की गई। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच जारी है। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र से गांजा तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए पड़ोसी जिले सीधी ले जाई जा रही गांजे की खेप को जब्त कर लिया है। ब्यौहारी पुलिस ने सोमावर शाम इस करवाई को अंजाम दिया है। बाइक से गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। उनके कब्जे से लगभग 10 किलो गांजा जब्त किया है।पुलिस के अनुसार, ब्यौहारी के झरौसी क्षेत्र से दो बदमाश बाइक पर सवार होकर गांजा लेकर सीधी जिले में बिक्री के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक से गांजे की तस्करी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए ब्यौहारी पुलिस ने तत्काल बनास धाम रोड पर नाकाबंदी की और संदिग्ध बाइक को रोक लिया।पुलिस द्वारा बाइक की तलाशी लेने पर बाइक के बीच में रखी एक बोरी मिली, जिसमें गांजा भरा हुआ था। जब पुलिस ने बाइक सवारों से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम विनोद चर्मकार एवं बिहारी चर्मकार, निवासी ब्यौहारी बता



ब्यौहारी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीधी जिले ले जाई जा रही गांजे की खेप पकड़ी। बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 10 किलो गांजा और बाइक जब्त की गई। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच जरी पुलिस के अनुसार, ब्यौहारी के झरौसी क्षेत्र से दो बदमाश बाइक पर सवार होकर गांजा लेकर सीधी जिले में बिक्री के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक से गांजे की तस्करी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए ब्यौहारी पुलिस ने तत्काल बनास धाम रोड पर नाकाबंदी की और संदिग्ध बाइक को रोक लिया।

पुलिस द्वारा बाइक की तलाशी लेने पर बाइक के बीच में रखी एक बोरी मिली, जिसमें गांजा भरा हुआ था। जब पुलिस ने बाइक सवारों से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम विनोद चर्मकार एवं बिहारी चर्मकार, निवासी ब्यौहारी बताया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे झरौसी क्षेत्र से गांजा लेकर सीधी जिले में बेचने जा रहे थे पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से कुल 9 किलो 990 ग्राम गांजा एवं एक बाइक जब्त की गई है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। जब्त मशरूका की कीमत एक लाख 60 हजार बताई गई है।

इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक मोहन पड़वार की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में गांजा तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी।

# मनेन्द्रगढ़ शहर के युवा बेटे ने शहर पर आधारित बनाया दोहा...



कैलाश कुमार अहिरवार
सह संपादक (युवा प्रदेश)

गौरतलब है। कि - एम.सी.बी जिले के अंतर्गत आने वाले मनेंद्रगढ़ के मौहारपारा वार्ड क्र05 निवासी एक युवा पत्रकार श्री यीशै दास ने मनेंद्रगढ़ शहर से लगे आस-पास के पर्यटन स्थल सहित धाम , रेलवे स्टेशन , त्यौहार,सहित आपसी सद्भाव को दर्शाते हुए। प्रेम और भाईचारे का संदेश देने का अथक प्रयास करते हुए एक पंक्ति माध्यम दोहा दर्शा शहर की गाथा को बताने की कोशिश की गई है।साथ ही व्यापार सहित अन्य को लेकर एक ही स्वर में उक्त पंक्ति को जोड़कर लेख किया गया है।जिसका लेखन स्वयं यीशै दास ने अपने सोच से निखारा है ।जो अब तक शायद किसी ने बनाया ही नहीं होगा जो इन दिनों चर्चा का विषय बनता जा रहा है ?।

जिसके पीछे की वजह यह है ।कि एक बेहद कम उम्र में अपनी अमठ पहचान स्थापित करने वाले शहर के उभरते युवा यीशै दास जिनकी सोच सिर्फ और सिर्फ मनेंद्रगढ़ शहर को आगे बढ़ाने और पहचान दिलाने की है।

और वहीं क्रम में श्री -दास द्वारा लिखे गए उक्त शीर्षक की पंक्ति जो -इस प्रकार है।कि - यह एक मनेंद्रगढ़ शहर है, जो चारों ओर पहाड़ों के घने फिजाओं में घिरा हुआ है , जहां की गलियों में सभी के बचपन की यादें भी है।कुछ दबी, जंगलों में छुपी हर प्रकार की मिलती औषधी - आयुर्वेद दवाईयां है।हां ये मनेंद्रगढ़ शहर है, ।ये मनेंद्रगढ़ शहर है।

जहां कि सड़कें भी हैं ।बड़े ही घुमावदार रास्ते तो कहीं मिट्टी की खुशबूए है। महकती, जहां आज भी है ।पुरानी परम्परा जीवित , जहां के पर्यटक स्थल भी है।बड़े महान ,नहीं कोई गाथा मेरी ,खुद ही मेरी पहचान है।जहां सिद्ध बाबा है ।साक्षात विराजमान, जहां से मिलता सभी को आशीर्वाद है। अपने परम्परागत भारतीय मूल संस्कृति को अपनाने वाला है ,शहर अपना , हां ये मनेंद्रगढ़ शहर है। ,

जहां सभी- त्यौहारों को मनाया जाता बड़े ही धूमधाम से है। और रहते साथ हैं। हिंदु मुस्लिम, सिख, ईसाई नहीं किसी में कोई बैर है।सभी करते एक - दुसरे के त्यौहारों में सहयोग है, व्यापारीयो का है,केंद्र बिंदु और व्यवसाईयो के व्यापार का अधार ,पक्की सड़क से लेकर पगडंडी रास्तों का है ।ये शहर अपना।जहां सभी- को है,अधिकार, और व्यापार भी करते हैं। सभी बड़े प्यार से है ।फक्र मुझे कि, मनेंद्रगढ़ शहर इन हसिन वादियों में कभी होती है , सर्द हवाओं की रूख है। तो कभी गर्मी, फिर बरसात है। फिर भी यह एक मनेंद्रगढ़ शहर है ,हां ये मनेंद्रगढ़ शहर है। पहाड़ है , नदिया ,झील है,और हैं, हरियाली भी बेशुमार,नदियों से होता जहां निस्तार है, हसदेव तट की अम्रत धारोहर भी है। बड़ी महान ,हां ये मनेंद्रगढ़ शहर है,।

मिठी बोली यहां कि- विनम्र व्यवहार है। मक्खन से लोग यहां के पर ढेडो के लिए तलवार है। यहां है, बुद्ध जीवीयो की भरमार है,भोले के लिए भोले लोग जहां खुली विचारधारा है,सभी की ये पहचान है ।

,जहां लोग कभी मिलते फुर्सत के पल इन ठंडी हवाओं में चाय की दुकानों पर और बिताते हैं ,कुछ पल , है एक छोटा जंक्शन बौरीडाड जो हरियाली के वादियों में सिमटा हुआ है ।। हां ये ऐसा मनेंद्रगढ़ शहर है ,, निकलता छत्तीसगढ़ के एक छोटे से जिले से है।जिसका नाम भी है ,बडा निराला मनेंद्रगढ़ - चिरमिरी -भरतपुर है ।जिला- अपना जहां सभी करते एक - दुसरे की है ।मदद है ,चाहे फिर कितने ही हो मतभेद हैं।यहां के खेल भी है ।बड़े निराले कभी क्रिकेट तो कभी फुटबाल होते हैं। मैच सारे ,कोई करता रोजगार है।तो कोई करता व्यापार है।लेकिन यहां सभी को मिलता सम्मान है। शहर मनेंद्रगढ़ है। ऐसा खास जहां कभी देखते लोग है। मूवी है ,तो कभी मनाते पिकनिक? करमघोघा,अमृतधारा ,सिरौली धाम है। जहां के पर्यटन स्थल भी महान है , है- मनेंद्रगढ़ में एक छोटा स्टेशन, जो करता सभी के रास्तों को आसान है, जहां लगता मकर संक्रांति मेला है ।नहीं रखता किसी से बैर है , न करता , नफरत फिर भी एक मनेंद्रगढ़ शहर है, फिर भी एक मनेंद्रगढ़ शहर है। बना एक नया पुल है ,जहां से सभी की मंजिलें होती है ,आसान ,विकसित होता मनेंद्रगढ़ शहर है । मिलती एक नई पहचान है ।जिसमें सभी का अहम योगदान है ।जोडता गांवों और कस्बों को देता सभी का साथ है।,हां ये मनेंद्रगढ़ शहर है,,

मिलती है, सब्जियां और फल मिलती दवाईयां आसान है,

चलती शासन की योजना भी यहां की बड़ी महान है।वन

परिक्षेत्र आबादी वाला शहर अपना ,कोयले की खान भी बेशुमार जोड़ता कोयलांचल क्षेत्रों को देता नई पहचान है।

कोई चलाता गाडियां हैं,तो कोई चलाता व्यापार है,कोई करता किसानी मगर सभी का शहर में रहता सम्मान है ।हार नहीं मानूंगा बनाउंगा, अपनी अलग पहचान ,हां मैं मनेंद्रगढ़ शहर हूं।

चुनावों में मचता यहां घमासान है। फिर भी मेरी अमठ पहचान है, फिर भी मेरी अमठ पहचान है।

युवाओं को देता अलग-अलग आधार हूं, कोई करता राजनिति तो कोई करता रोजगार है ,रहता बड़ा ही खामोश हूं , रहता बड़ा शांत ,चिड़ियो की चहचहाहट मिलती सुबह -शाम है ।हां ये मनेंद्रगढ़ शहर है ,,

मैं कोई सुविचार नहीं बनाता हूं, । सिर्फ शहर की गाथा को बताता हूं ,गढ़ता एक नया विकसित शहर अपना , सिर्फ पहचान मेरी मनेंद्रगढ़ की सरजमीं से,मैं कोई पंक्ति नहीं बनाता हूं,कोई सुविचार नहीं गढ़ता हूं ,है मेरे शहर के युवाओं में जोश विचार नहीं प्रगट करता हूं,हर तूफानी कलाओं की बनता पहचान हूं , गिरूंगा फिर बढूंगा आगे ,हार नहीं मानूंगा,हार नहीं मानूंगा , अंतिम कड़ी में श्री दास- ने मिडिया को जानकारी देकर बताया कि - मैं इसी शहर में अपना जीवन और उम्र बिताते हुए यही पढ़ा ,बढ़ा ,और आगे बढ़ने कुछ करने की मंशा को लेकर और अपने उम्र के युवाओं को आधार मानकर मैने एक छोटा सा प्रयास किया है । निश्चित ही निरंतर आगे ऐसा भी मेरा प्रयास सतत् रूप में शहर वासियों के आशीर्वाद और शुभकामनाओं से जारी रहेगा । जानकारी साझा किया गया ।

# पत्रकार गजेंद्र परिहार तीसरी बार बने मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ शहडोल के जिलाध्यक्ष

## अनुराग त्रिपाठी पुनः महासचिव नियुक्त, प्रदेश नेतृत्व ने जारी किया नियुक्ति पत

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया और प्रदेश संगठन प्रभारी मोहम्मद अली के मार्गदर्शन में संगठन की मजबूती के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार को तीसरी बार शहडोल जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए संगठन ने उनकी कार्यकुशलता पर पुनः भरोसा जताया है।





### जारी नियुक्ति पत्र का विवरण

प्रांतीय महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि÷प्रदेश उपाध्यक्ष साथी मनोज द्विवेदी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साथी दिनेश अग्रवाल एवं संभागीय अध्यक्ष साथी अजीत मिश्रा के सुझाव और संगठन प्रभारी साथी मोहम्मद अली की सलाह पर शहडोल जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार को ही पदस्थ रहने तथा उनके ही सुझाव पर महासचिव साथी अनुराग त्रिपाठी को ही जिले का महासचिव पद पर यथावत पदस्थ करने के निर्देश दिए गए हैं।÷

### निर्भीक पत्रकारिता की पहचान हैं गजेंद्र सिंह परिहार

उल्लेखनीय है कि पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार की गिनती शहडोल जिले के उन चुनिंदा पत्रकारों में होती है, जो अपनी निर्भीक पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनना उनकी लोकप्रियता और संगठन के प्रति समर्पण का प्रमाण है। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाने और बड़े मामलों के खुलासे करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे पत्रकारों के हितों और संगठन की मजबूती के लिए सदैव सक्रिय रहते हैं।

### अनुराग त्रिपाठी पर पुनः जताया भरोसा

संगठन और पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार ने अनुराग त्रिपाठी पर पुनः जिला महासचिव के रूप में बड़ा भरोसा जताया है। गौरतलब है कि पिछले कार्यकाल में अनुराग त्रिपाठी ने बतौर महासचिव पत्रकारों को एकत्र करने और संगठन में बेहतर समन्वय स्थापित करने का कुशल कार्य किया था, जिसे देखते हुए उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को 10 जनवरी 2026 तक कार्यकारिणी गठन के निर्देश दिए गए हैं।

# सहारा हॉस्पिटल जो की मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल है द्वारा चीनोर में निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर संपन्न

ग्वालियर ।

सहारा हॉस्पिटल महलगांव सोफिया कॉलेज कैंपस सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा आज 11 जनवरी 2026 को ग्वालियर जिले के चीनोर में सहारा हॉस्पिटल के संचालक सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ए एस भल्ला एमबीबीएस एमएस नाक कान गला रोग द्वारा निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर राज वाटिका जय गुरुदेव मार्केट सेंट्रल बैंक के पास शीतला माता रोड चीनोर में सुबह 10~00 से 2~00 तक लगाया गया चीनोर के आसपास गांव के मरीज ने शिविर में आकर अपना नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा परामर्श प्राप्त किया शिविर में लगभगश्च 75 से 100 मरीजो ने शिविर की ओपीडी में भाग लिया चिक्त्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा नेत्र परीक्षण भी किया गया जिनमें से पांच मैरिज सहारा हॉस्पिटल की गाड़ी में भर्ती होने के लिए साथ में ही आए तथा 15 मरीज ने बाद में सहारा हॉस्पिटल में भर्ती होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया ज्ञातद्य रहे की सहारा हॉस्पिटल निशुल्क मरीज को लाने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराता है इसके अलावा आयुष्मान योजना अंतर्गत मरीज का निशुल्क इलाज किया जाता है तथा स्वास्थ्य बीमा धारकों का भी कैशलेस इलाज किया जाता है सहारा




हॉस्पिटल में 24 घंटे सभी प्रकार कीश्च बीमारियों का इलाज किया जाता है इमरजेंसी सेवाएं भी उपलब्ध हैं एमएलसी सुविधा भी अस्पताल में है सहारा हॉस्पिटल में ड्रामा सेंटर है उच्च क्वालिटी की ऑपरेशन थिएटर है जो सभी सुविधाओं से सुसज्जित है डायलोसिस भी की जाती है बच्चे महिला पुरुषों सभी का इलाज किया जाता है तथा आंखों का भी इलाज किया जाता है सभी प्रकार की सर्जरी की सुविधा सहारा हॉस्पिटल में है मरीजों को सहारा हॉस्पिटल में लाने के लिए निशुल्क एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध है तथा मरीजों एवं उनकी अटेंडर को सहारा हॉस्पिटल में निऱ्शुल्क भोजन दोनों समय उपलब्ध कराया जाता आज चीनोर में लगाए गए शिविर में चीनोर के नेताजी वरिष्ठ समाजसेवी निरपत सिंह किरार का विशेष योगदान रहा तथा प्रचार प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इनके साथ-साथ ककर्धा पंचायत के पूर्व सरपंच लाल सिंह तथा भागीरथ का पूरा ( पतरिया का चक ) के एन के खांडेकर पांच नंबर दफाई के प्रेम नारायण के साथ-साथ इन चारो की मित्र मंडली ने खूब अच्छा सहयोग किया अंत में वरिष्ठ नेता समाजसेवी निरपत सिंह किरार की ओर से सहारा हॉस्पिटल के शिविर में गए समस्त स्टाफ को भोजन करायाश्च समस्त स्टाफ ने उपरोक्त सभी साथियों का और सहयोग कर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापन का आभार व्यक्त किया ज्ञात रहे की पूर्व में सारा हॉस्पिटल 19 से बसंत विहार में संचालित था जो अब महल गांव सोफिया कॉलेज केंपस सिटी सेंटर मैं संचालित हो रहा है

# पारिवारिक विवाद में हैवान बना कलयुगी बेटा, तलवार से मां का गला रेता, थाने जाकर किया सरेंडर

संभागीय संवाददाता -राजू राय




पारिवारिक विवाद के चलते अपनी मां से नाराज एक कलयुगी बेटे ने घर के आंगन में काम कर रही अपनी मां पर तलवार से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी खून से लथपथ तलवार लेकर थाने पहुंचा और आत्म समर्पण कर दिया।

धनपुरी थाना क्षेत्र से रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक कलयुगी पुत्र ने पारिवारिक विवाद से तंग आकर अपनी ही मां की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना सोमवार शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। हत्या के बाद आरोपी पुत्र खून से सनी तलवार लेकर बाइक से लगभग दो किलोमीटर दूर धनपुरी थाने पहुंचा और खुद पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

पुलिस के अनुसार यह घटना धनपुरी थाना क्षेत्र के सरकारी टोला की है। मृतका की पहचान 65 वर्षीय मुन्नी बाई लोधी के रूप में हुई है। आरोपी पुत्र मोहन उर्फ बाला लोधी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसकी मां मुन्नी बाई अक्सर उसकी पत्नी को उसके खिलाफ भड़काती थी, जिससे पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। इसी बात से नाराज होकर मोहन ने गुस्से में आकर अपनी मां पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी तलवार हाथ में लेकर मोटरसाइकिल से सीधे थाने पहुंचा। खून से सनी तलवार और आरोपी की हालत देखकर थाने में मौजूद पुलिसकर्मी कुछ पल के लिए सहम गए। आरोपी ने पुलिस से कहा कि वह अपनी मां की हत्या कर आया है। इसके बाद थाना प्रभारी सहित पूरा पुलिस स्टाफ हरकत में आया और आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार भी जब्त कर ली है। आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। इस दिल दहला देने वाली घटना से पूरे इलाके में सनसनी और भय का माहौल बना हुआ है।

# मकर संक्रांति पर सर रिसोर्ट एंड फन सिटी, अनूपपुर में भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर

**अनूपपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले में सांस्कृतिक उत्सव की भव्य झलक देखने को मिलेगी। आगामी 18 जनवरी 2026, दिन रविवार को सर रिसोर्ट एंड फन सिटी, अमरकंटक रोड, सकरा (अनूपपुर) में एक रंगारंग सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन, संगीत और स्वादिष्ट भोजन का अनूठा संगम लेकर आ रहा है।कार्यक्रम की विशेष आकर्षण होंगे मुंबई से पधार रहे जूनियर शशि कपूर, जो अपने सशक्त अभिनय और मंचीय प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। वहीं संगीत की दुनिया के प्रसिद्ध गायक देबू चक्रवर्ती (इंडियन आइडल फेम सीजन छः, भारत की शान सीजन तीन मे अपनी मधुर एवं ऊर्जावान गायकी से समां बांधेंगे। इनके अलावा कार्यक्रम में आकर्षक डांस परफॉर्मेंस एवं अन्य म्यूजिकल प्रस्तुतियां भी शामिल रहेंगी। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें दर्शकों के लिए स्वादिष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश शुल्क मात्र 300 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है, जिसमें भोजन शामिल है।कार्यक्रम का समय शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन स्थल सर रिसोर्ट एंड फन सिटी, सकरा, अनूपपुर को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा, ताकि दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्राप्त हो सके। आयोजकों ने जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार व मित्रों के साथ इस मकर संक्रांति विशेष सांस्कृतिक संध्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं और लोक-संस्कृति व आधुनिक मनोरंजन के इस संगम का आनंद लें। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई पहचान मिल सकेगी

# न्यायालय का डंडा भी बेअसर! रसूखदार शिक्षक के आगे नतमस्तक प्रशासन? नायब तहसीलदार नहीं खाली करा पा रहे कब्जा

राजू राय - संभागीय संवादाता



शहडोल/जयसिंहनगर। ग्राम पंचायत अमझोर में सरकारी जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी के सामने प्रशासन भी नतमस्तक नजर आ रहा है। हैरानी की बात है कि हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश के बावजूद अब तक दिवाकर तिवारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न्यायालय ने अपर कलेक्टर को जमीन खाली कराने का आदेश दिया था और फिर यह जिम्मेदारी नायब तहसीलदार को सौंपी गई, लेकिन फिर भी दिवाकर तिवारी के कब्जे से सरकारी जमीन मुक्त नहीं हो पाई है। न्यायालय ने कलेक्टर शहडोल द्वारा प्रकरण क्रमांक 0003 /अ 74/2024-25 आदेश दिनांक 23/12/2025 को बेदखली की कार्रवाई 7 दिवस के भीतर करने का आदेश दिया था। बेदखली की कार्रवाई में आवश्यकता पड़ने पर सिविल जेल की कार्रवाई कर अनाधिकृत कब्जा हटाने का आदेश क्रियान्वयन नायब तहसीलदार अमझोर को किया जाना है, लेकिन नायब तहसीलदार की कार्य प्रणाली संदेहास्पद पर नजर आ रही है। क्योंकि अब तक इस आदेश को लगभग 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## 7 सालों से चल रहा है मामला

यह मामला पिछले 7 सालों से चल रहा है। शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी पर 6 जुलाई 2020 को प्रकरण क्रमांक 0039 /अ -74 / 2019-20 आदेश के तहत 10000 का अर्थदंड लगाया गया था। शिक्षक ने शासकीय भूमि पर कब्जा स्वीकार किया था। इस मामले में अपर कलेक्टर शहडोल ने हल्का पटवारी श्रुति तिवारी और राजस्व निरीक्षक को गैरजिम्मेदाराना तरीके से विवादित भूमि के संबंध में त्रुटि पूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया गया था, लेकिन अब तक नायब तहसीलदार ने इस आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं की।

## सरकारी जमीन पर शिक्षक का कब्जा बरकरार

आवेदक ओंकार सिंह ने हाई कोर्ट याचिका दायर की। 15 जुलाई 2025 को न्यायालय ने कलेक्टर शहडोल को 90 दिनों यानी तीन महीने में कार्रवाई कर शासकीय रकबे को खाली कराने का आदेश दिया। लेकिन इस मामले में कलेक्टर को आदेश देने में 6 माह का वक्त लग गया। इसके बाद कलेक्टर शहडोल ने 0003 /अ- 74 /2025 आदेश पर कार्रवाई करने का जिम्मा तहसीलदार वृत्त अमझोर को सौंपा, लेकिन न्यायालय के आदेश पर नायब तहसीलदार टाल-मटोल करते नजर आ रहे हैं।

# ASI भूपेंद्र सिंह पर गंभीर आरोपः झूठे केस, मानसिक उत्पीड़न और बाहरी लोगों से परेशान कराने का दावा

## धनपुरी के मैकेनिक मोहम्मद रियाज की ACP से शिकायत

कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)





धनपुरी थाना क्षेत्र में एक मैकेनिक द्वारा पुलिस उप-निरीक्षक (ASI) पर लगाए गए गंभीर आरोपों से हड़कंप मच गया है। वार्ड क्रमांक 02, धनपुरी निवासी मोहम्मद रियाज (42) ने सहायक पुलिस आयुक्त (ACP) को लिखित शिकायत सौंपकर स्ढ्व भूपेंद्र सिंह पर झूठे मुकदमे में फँसाने की धमकी, मानसिक उत्पीड़न, सार्वजनिक मानहानि तथा बाहरी व्यक्तियों के माध्यम से परेशान कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित मोहम्मद रियाज के अनुसार वह धनपुरी दफाई नंबर 01, रेलवे फाटक के पास मोटरबाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। शिकायत में बताया गया है कि पिछले लगभग एक वर्ष से उसे बिना किसी ठोस कारण के लगातार निशाना बनाया जा रहा है। रियाज का आरोप है कि स्ढ्व भूपेंद्र सिंह बार-बार उसकी दुकान पर पहुँचकर सार्वजनिक रूप से ÷जुआ खिलाने÷ जैसे गंभीर और निराधार आरोप लगाते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि उसे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भयभीत किया गया तथा बाहरी लोगों के जरिए दबाव बनाने की आशंका जताई गई है, जिससे उसका मानसिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

पीड़ित का कहना है कि बार-बार झूठे प्रकरण में फँसाने और जेल भेजने की धमकियों से उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुँचा है। भय के वातावरण के कारण ग्राहक उसकी दुकान पर आने से बचने लगे हैं, जिससे उसके परिवार की आजीविका पर सीधा असर पड़ा है।

शिकायत में मोहम्मद रियाज ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित, ASI अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग कर क्षेत्र में कथित रूप से अवैध गतिविधियों को संरक्षण देता है, और उसी दबदबे के कारण वह स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इन परिस्थितियों में वह और उसका परिवार लगातार मानसिक तनाव और डर के साथ में जीवन जीने को मजबूर हैं।

पीड़ित ने ACP से पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच, ASI को तत्काल उसे परेशान करने से रोकने, तथा उसकी और उसके परिवार की जान-माल एवं सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही उसने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में उसके या उसके परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई अप्रिय घटना होती है अथवा उसे किसी झूठे मामले में फँसाया जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एक आम मेहनतकश नागरिक को पुलिस से ही सुरक्षा की गुहार लगानी पड़ेगी? या फिर प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर त्वरित कार्रवाई कर कानून पर जनता का भरोसा कायम रख पाएगा।

# रानी कुंडी धाम में श्रद्धा और संस्कृति का संगम, मकर संक्रांति पर उमड़ा जनसैलाब स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी की विधिवत पूजा अर्चना

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ

**एमसीबी। मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड के प्रसिद्ध रानी कुंडी तीर्थ स्थल में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया। इस पावन अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में रानी कुंडी परिसर में पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन और दूर-दराज़ क्षेत्रों से आये दर्शक शामिल हुए। मंत्री जायसवाल ने मेले का भ्रमण कर



व्यवस्थाओं की सराहना की तथा स्थानीय लोगों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रानी कुंडी धाम के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि रानी कुंडी धाम को 'गौमुख धाम' के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता के अनुसार यह स्थल धौरेल राजा की रानियों के स्नानागार के रूप में प्रसिद्ध रहा है तथा यहीं उनका समाधि स्थल भी स्थित है। उन्होंने बताया कि यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण, अत्यंत रमणीय और पवित्र है जहां भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर स्थापित है। रानी कुंडी धाम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं बल्कि जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और लोकजीवन का जीवंत प्रतीक भी है। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इस तीन दिवसीय मेले में 100 से अधिक जनजातीय सांस्कृतिक दल भाग ले रहे हैं जिनके द्वारा शैला, शुगा, कर्मा जैसे पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं वहीं, कबड्डी सहित अन्य पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मेले की रौनक बढ़ा दी है। उन्होंने आगे बताया कि मेले के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक प्रतिदिन रानी कुंडी धाम पहुंच रहे हैं। विभिन्न मंचों पर सांस्कृतिक नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं निरंतर जारी हैं जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय और सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर हो गया है। मकर संक्रांति के इस भव्य आयोजन ने रानी कुंडी धाम की धार्मिक आस्था के साथ-साथ उसकी सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान दी है।

## रात की सख्ती, कानून की पकड़ः कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने वर्षों से फरार 6 वारंटियों को दबोचा

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर।

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से मंगलवार रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटियों की तामीली, जिला बदर आरोपियों की चेकिंग, निगरानी बदमाशों पर नजर और वसूली वारंटों की कार्रवाई की गई

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर जिले के समस्त थानों में यह अभियान चलाया गया। कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मसराम एवं एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में प्रभावी कार्रवाई की।

थाना प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में गठित अलगङ्कअलग पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर वर्षों से फरार 6 वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बुडूलाल बैगा (ग्राम अकुआ), रानू गोड़ (बैरीबांध), दुलीचंद कोरी (पुरानी बस्ती), छोटेलाल यादव (ग्राम कोड़ा), सुनील उर्फ बबलू कोल



(ग्राम पिपरिया) तथा अमित कुमार पटेल (धनपुरी) शामिल हैं।

सभी गिरफ्तार वारंटियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में कानून का डर और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।

## मकर संक्रांति पर मनेंद्रगढ़ में पतंगों का उत्सव 18 जनवरी को होगी भव्य प्रतियोगितां

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ

**एमसीबी/मनेंद्रगढ़।** मकर संक्रांति के पावन पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने और पारंपरिक लोकसंस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से महिला समता मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा आगामी 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शहर के बालक हाई स्कूल मैदान में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा जहां आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सराबोर नजर आयेगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिये खुली है जिसमें बच्चे, युवा और परिवार सहित भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।




सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आयोजक समिति ने स्पष्ट किया है कि प्रतिभागियों को अपनी पतंग और मांझा स्वयं लाना होगा जबकि चाइनीज मांझे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित प्रतिभागी को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जायेगा। प्रतियोगिता से संबंधित सभी निर्णय आयोजक समिति द्वारा लिये जायेंगे जो अंतिम और सर्वमान्य होंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी गंगा ताम्रकार (7999986922), डॉली अग्रवाल (8349666271), मालिनी अग्रवाल (9977547471) अथवा विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल (9406134234) से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

महिला समता मंच ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मकर संक्रांति के इस पारंपरिक और आनंददायक आयोजन को सफल बनायें।




इंजीनियरिंग के छात्र मन ला,
अब गीता के स्लोक पढ़ाही।
मनखे-मनखे एक बरोबर,
गुरु बचन के लोप कराही।।
अजब जमाना आगे संगी,
उल्टा हवा बोहावत हे।
सतनाम के समतावाद ला,
कुलबोरुक हा आगी लगावत हे।।
लक्ष्मी नारायण कुम्भकार "सचेत" दुर्ग (छ0ग0)

## यातायात जागरूकता माह में मनेन्द्रगढ़ पुलिस का सराहनीय कदम सिटी कोतवाली पुलिस और रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ
एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।

यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस ने एक सराहनीय पहल की। यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन और निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य ना केवल जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना था बल्कि आमजन को यह संदेश देना भी था कि सड़क सुरक्षा के साथ साथ मानवीय सेवा भी पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है। शिविर में पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। रक्तदान करने वालों में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी दीपेश सैनी, प्रधान आरक्षक नवीन दत्त तिवारी, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा, राजकुमार सेन, ज्ञानेश्वर राजवाड़े, हफीज मेमन, अमित पोद्दार, स्वप्निल सिन्हा, मोहम्मद मुजाहिद, गोकुल शर्मा, गुलाम असगर, सोनाली सिंह, अरुण, नितेश मंडल, राशिद अंसारी, किशन यादव, ऋषभ जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्य के साथ साथ मानव सेवा को भी सर्वोपरि मानते हुए रक्तदान किया जिससे उपस्थित लोगों में सकारात्मक संदेश गया। रक्तदान शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सहयोग, सेवा और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि यातायात जागरूकता माह के दौरान पुलिस द्वारा केवल नियमों के पालन की अपील ही नहीं की जा रही बल्कि जनहित से जुड़े कार्यों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी की टीम द्वारा रक्तदान की प्रक्रिया, सावधानियों और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई साथ ही रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया साथ ही सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी, हाफिज मेमन, अमित पोद्दार, स्वप्निल सिन्हा, गुलाम असगर, राशिद अंसारी, मुजाहिद खान, सौरभ जायसवाल, मितेश मंडल सहित पुलिस स्टाफ, रेडक्रॉस के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि पुलिस विभाग कानून व्यवस्था के साथ साथ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है और ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

# जयसिंगनगर में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी की हुंकारः जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ने का लिया संकल्प

राजू राय - संभागीय संवाददाता

जयसिंगनगर/शहडोल - शहडोल जिले की जयसिंगनगर तहसील में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, क्षेत्र की समस्याओं और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों को लेकर विस्तार से रणनीति बनाई गई।







**जमीनी स्तर पर मज़बूत होगा संगठन**

बैठक को संबोधित करते हुए आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी अब केवल बैठकों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर उतरकर जनता की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि शोषितों और पीड़ितों की आवाज को बुलंद करना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए गाँव-गाँवजाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा।

**जल्द होगी जिला समीक्षा बैठक**

वहीं, भीम आर्मी के जिला संयोजक राजेश कुशवाहा ने संगठन की सक्रियता पर बात करते हुए आगामी कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठन की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए जल्द ही एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में भविष्य के आंदोलनों और सदस्यता अभियान की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

**कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह**

बैठक के दौरान जयसिंगनगर और आसपास के क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी और स्थानीय मुद्दों से पदाधिकारियों को अवगत कराया। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु संगठन की एकता और आने वाले समय में जनहित के मुद्दों पर उग्र आंदोलन की तैयारी रहा।

इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ज़मीनी विवाद को लेकर भाई ने भाई के ऊपर किया जानलेवा हमला, जान से मारने की धमकी, मामला हुआ दर्ज

अनूपपुर।

जिले कोतमा थाना अंतर्गत रेउसा पंचायत के चाका गाँव का जहाँ एक भाई ने अपने ही भाई के ऊपर ज़मीनी विवाद को लेकर अपने ही भाई के ऊपर लोहे के सबल से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया व वही जमीन पर पटकर लात घूसों से बेदम पिटाई कर दी, दुबारा उलझने पर जान से मार देने की धमकी दी गई, पडोसियो बीच बचाव करने पर फरयादी चंद्रशेखर जायसवाल पिता रामचंद्र जायसवाल ने आरोपी सुरेंद्र जायसवाल पिता रामचंद्र जायसवाल के खिलाफ कोतमा थाने लिखित शिकायत की, कोतमा पुलिस ने मेडिकल कराकर बिभिन्न धारा 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। फरियादी चन्द्रशेखर



जयसवाल पिता रामचन्द जयसवाल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम ढाका का हमराह परिवारिक भाई कैलाश जयसवाल के साथ थाना उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट किया की सुबह करीब 09.00 बजे मेरा छोटा भाई सुरेन्द्र कुमार जयसवाल घर के पास बाड़ी के मेड़ रास्ता में खूँटा सब्बल से गाड़ रहा था। मैं उसे बोला कि रास्ते में खूँटा मत गाड़ो रास्ते के किनारे से खूँटा गाड़ो। इसी बात को लेकर भाई सुरेन्द्र कुमार जयसवाल मुझे मादर बहन की अश्लील गालियां देते हुए हाथ में रखे सब्बल से मुझे मारा सब्बल मेरे बांये पैर के बीच की अंगुली में लगी, बांये पैर की अंगुली भोठरी होकर खून निकलने लगा। तब सुरेन्द्र जयसवाल मुझे पकड़कर जमीन में उठाकर पटक कर हाथ मुक्का से मेरे पेट में व पसलियों में सामने मारपीट करने लगा। मारपीट होते देख मेरी पत्नी धनमतिया जयसवाल ने मेरे परिवारिक भाई कैलाश जयसवाल को फोन लगाई तब कैलाश आकर पत्नी के साथ बीच बचाव किये तो भाई सुरेन्द्र मुझे बोला खूँटा नहीं गाड़ने दोगे तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। मारपीट से मेरे बांये पैर की बीच की अंगुली में, दांये आंख के भौं, पेट के सामने दोनों पसलियों में चोट लगी है।

## जैतहरी धान मंडी तक पहुंचे तीन हाथी, रातभर ग्रामीण करते रहे भगाने की कोशिश सुबह पाठबाबा जंगल में जाकर ठहरे, 24 दिनों से इलाके में विचरण

अनूपपुर/जैतहरी।

छत्तीसगढ़ सीमा से आए तीन हाथियों का समूह बुधवार देर रात जंगल से निकलकर कई गांवों में विचरण करता हुआ नगर परिषद जैतहरी क्षेत्र में प्रवेश कर गया। हाथियों ने वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 लाइनपार मोहल्ले में खेतों की फसल और सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हुए धान मंडी तक पहुंचकर इलाके का निरीक्षण किया। ग्रामीणों के एकत्र होकर शोर-शराबा करने से हाथी मंडी में रखे धान तक नहीं पहुंच सके। बताया गया कि बुधवार को 23वें दिन हाथियों का यह दल धनगवां बीट के कुसुमहाई जंगल में दिन बिताने के बाद शाम को बाहर निकला। कुसुमहाई, पटौरा, टकहुली और लहरपुर होते हुए जैतहरी-वेंकटनगर मुख्य मार्ग पार कर हाथी नगर क्षेत्र में पहुंचे। पूरी रात इलाके में विचरण के बाद गुरुवार सुबह हाथी पुनः मुख्य मार्ग पार कर ग्राम पंचायत पचौहा से लगे पाठबाबा जंगल में जाकर विश्राम कर रहे हैं। हाथियों को भगाने के प्रयास में कई बार उन्होंने अपनी सुरक्षा को देखते हुए दौड़ाने का भी प्रयास किया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल रहा।



इस दौरान वन विभाग, पुलिस और हाथी मित्र दल पूरी रात मुस्तैद रहा। वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक मिश्रा, परिक्षेत्र सहायक गिरारी कुंवर सिंह सोर्ठे एवं वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल के नेतृत्व में गश्ती दल ने अलाउंस व अन्य माध्यमों से ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की। हाथियों का यह समूह पिछले 24 दिनों से जैतहरी क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हालांकि अब तक किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है, लेकिन लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। वन विभाग ने लोगों से संयम बरतने और हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।

## खामोशी में भी उम्मीद बोली : अनूपपुर पुलिस ने गुम मूक-बधिर युवक को उसके परिवार से मिलाया

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर।

कोतवाली अनूपपुर पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता का सराहनीय उदाहरण सामने आया है। दिनांक 12 जनवरी 2026 की रात्रि ग्राम सोनमौहरी में भटकते मिले 20 वर्षीय मूक एवं बधिर युवक को पुलिस ने सुरक्षित संरक्षण देकर उसके परिजनों से मिलवाया। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम और एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में यह मानवीय कार्य संपन्न हुआ। ग्राम सोनमौहरी निवासी ओमप्रकाश श्रीवास्तव द्वारा डायल-112 पर सूचना दी गई कि बीते दो दिनों से एक युवक गांव में घूम रहा है, जो अपनी पहचान नहीं बता पा रहा। सूचना पर थाना प्रभारी अरविन्द जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने युवक को सुरक्षित थाने लाकर भोजन, पानी और ठंड से बचाव की व्यवस्था की। लगातार प्रयासों के बाद युवक की पहचान सोहनलाल केवट (उम्र 20), पिता स्व. धनीराम केवट, निवासी ग्राम छुलकारी के रूप में हुई। उनके भाई एकपाल केवट को खोजकर युवक को सकुशल परिवार के सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस के इस मानवीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। यह घटना बताती है कि कानून-व्यवस्था के साथ-साथ पुलिस मानवीय कर्तव्यों का भी पूरी संवेदनशीलता से निर्वहन कर रही है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक : नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)